**SET-2**

**Series ZZYY1/6**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/6/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) है ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

^



https://www.evidyarthi.in/

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में कुल* ***37*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रश्न-पत्र में* ***छः*** *खण्ड-****क, ख, ग, घ, ङ*** *और* ***च*** *हैं ।*

*(ii)* *खण्ड –* ***क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(iii)* *खण्ड –* ***ख*** *में प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***24*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *खण्ड –* ***ग*** *में प्रश्न संख्या* ***25*** *से* ***29*** *तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड –* ***घ*** *में प्रश्न संख्या* ***30*** *से* ***33*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *खण्ड –* ***ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***34*** *से* ***36,*** *केस आधारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के साथ* ***3-3*** *उपप्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंक का है ।*

*(vii)* *खण्ड –* ***च*** *में प्रश्न संख्या* ***37*** *मानचित्र आधारित है । यह प्रश्न* ***5*** *अंकों का है* ***37 (a)*** *(इतिहास से* ***2*** *अंक) और* ***37 (b)*** *(भूगोल के* ***3*** *अंक)*

*(viii)* *इस प्रश्न पत्र में समग्र रूप से विकल्प का प्रावधान ही है । फिर भी उपप्रश्नों में विकल्प का प्रावधान है । ऐसे प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *विकल्पीय प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ जहाँ भी आवश्यक है, पृथक से निर्देश दिए गए हैं ।*



https://www.evidyarthi.in/

## General Instructions :

*(i)* *Question paper contains* ***37*** *questions. All questions are compulsory. Question paper comprises* ***six*** *Sections –* ***A, B, C, D, E*** *and* ***F*** *There are* ***37*** *questions in the question paper.*

*(ii)* ***Section A*** *– Question nos.* ***1*** *to* ***20*** *are MCQs of* ***1*** *mark each.*

*(iii)* ***Section B*** *– Question nos.* ***21*** *to* ***24*** *are Very Short Answer Type Questions, carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***40*** *words.*

*(iv)* ***Section C*** *– Question nos.* ***25*** *to* ***29*** *are Short Answer Type Questions, carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***60*** *words.*

*(v)* ***Section D*** *– Question nos.* ***30*** *to* ***33*** *are Long Answer Type Questions, carrying* ***5*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

*(vi)* ***Section E*** *– Question nos. from* ***34*** *to* ***36*** *are Case Based Questions with* ***three*** *sub questions and are of* ***4*** *marks each.*

*(vii)* ***Section F*** *– Question no.* ***37*** *is map based, carrying* ***5*** *marks with* ***two*** *parts,* ***37 (a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***37 (b)*** *from Geography (****3*** *marks).*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions. Only* ***one*** *of the choices in such questions have to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड – क (20 × 1 = 20)

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

   I. भारत में कोई आधिकारिक धर्म नहीं है ।

   II. समुदायों को अपने धर्म को मानने, प्रचार और अभ्यास करने की स्वतंत्रता है ।

   III. राज्य समुदायों को उनके द्वारा चलाई जा रही शिक्षण संस्थानों को सहायता देकर मदद करता है ।

   IV. भारत धर्मतंत्र में विश्वास करता है ।

   **विकल्प :**

   (A) I, II और III (B) I, II और IV

   (C) II, III और IV (D) I, III और IV

2. निम्नलिखित में से किस देश की राष्ट्रीय संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक है ? 1

   (A) रूस

   (B) ऑस्ट्रेलिया

   (C) स्वीडन

   (D) भारत

3. मान लीजिए कि एक स्थानीय क्षेत्र में चार परिवार हैं । यदि इन परिवारों की आय क्रमशः ₹ 6,000, ₹ 4,000, ₹ 7,000 और ₹ 3,000 हैं तो इस क्षेत्र की औसत आय क्या होगी ? सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

   (A) ₹ 5,000

   (B) ₹ 3,000

   (C) ₹ 2,000

   (D) ₹ 6,000


https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **(20 × 1 = 20)**

1. Read the following statements and choose the correct option : **1**

   I. There is no official religion in India.

   II. Communities have freedom to profess and practice their religion.

   III. State helps communities by giving aid to educational institutions run by them.

   IV. India believes in theocracy.

   **Options :**

   (A) I, II and III (B) I, II and IV

   (C) II, III and IV (D) I, III and IV

2. Which one of the following countries has the highest representation of women in their National Parliament ? **1**

   (A) Russia

   (B) Australia

   (C) Sweden

   (D) India

3. Assume there are four families in a locality. If the income of each family is ₹ 6,000, ₹ 4,000, ₹ 7,000 and ₹ 3,000 then find out the average income of the locality from the following options : **1**

   (A) ₹ 5,000 (B) ₹ 3,000

   (C) ₹ 2,000 (D) ₹ 6,000


https://www.evidyarthi.in/

4. निम्नलिखित में से 'नीति आयोग' की पूर्ववर्ती सरकारी एजेंसी कौन सी थी ? 1

(A) योजना आयोग

(B) निर्वाचन आयोग

(C) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

(D) संघ लोक सेवा आयोग

5. निम्नलिखित संस्थाओं में से कौन सी 'विश्व विकास रिपोर्ट' तैयार करती है ? 1

(A) विश्व बैंक

(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(C) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(D) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

6. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ? 1

(A) जलोढ़ मिट्टी पश्चिमी राजस्थान

(B) काली मिट्टी उत्तरी मैदान

(C) शुष्क मिट्टी दक्कन का पठार

(D) लैटेराइट मिट्टी पश्चिमी घाट



https://www.evidyarthi.in/

4. Which one of the following is the preceding Government Agency of NITI Aayog ? **1**

(A) Planning Commission

(B) Election Commission

(C) University Grants Commission

(D) Union Public Service Commission

5. Which one of the following organizations prepares the 'World Development Report' ? **1**

(A) World Bank

(B) International Monetary Fund

(C) World Health Organisation

(D) International Labour Organisation

6. Which of the following pair is correctly matched ? **1**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Alluvial Soil | Western Rajasthan |
| (B) | Black Soil | Northern Plain |
| (C) | Arid Soil | Deccan Plateau |
| (D) | Laterite Soil | Western Ghats |


https://www.evidyarthi.in/

7. स्तंभ-A का स्तंभ-B के साथ मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **स्तंभ – A** (नदी) | | **स्तंभ – B** (बाँध) |
|---|---|---|---|
| I. | महानदी | 1. | सरदार सरोवर |
| II. | नर्मदा | 2. | हीराकुड |
| III. | चंबल | 3. | सलाल |
| IV. | चेनाब | 4. | राणा प्रताप सागर |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

8. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से फसल की पहचान कीजिए : **1**

- यह एक मुख्य खाद्य फसल है ।
- यह खरीफ की फसल है ।
- इसके लिए उच्च तापमान और अधिक आर्द्रता की आवश्यकता होती है ।
- इसके लिए 100 cm से अधिक वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है ।

**विकल्प :**

(A) गेहूँ (B) मक्का

(C) चावल (D) ज्वार



https://www.evidyarthi.in/

7. Match the Column – A with Column – B and choose the correct option : **1**

| **Column – A (River)** | | **Column – B (Dam)** | |
|---|---|---|---|
| I. | Mahanadi | 1. | Sardar Sarovar |
| II. | Narmada | 2. | Hirakud |
| III. | Chambal | 3. | Salal |
| IV. | Chenab | 4. | Rana Pratap Sagar |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

8. Identify the Crop with the help of the following information and choose the correct option. **1**

- This is the staple food crop.
- This is a Kharif crop.
- It requires high temperature and high humidity.
- It requires above 100 cm of annual rainfall.

**Options :**

(A) Wheat

(B) Maize

(C) Rice

(D) Jwar



https://www.evidyarthi.in/

9. यूरोपीय लोग 19वीं शताब्दी में अमेरिका क्यों चले गए ? निम्नलिखित विकल्पों में से सही कारण की पहचान कीजिए : 1

(A) गरीबी और बीमारियाँ

(B) सोने की खानों की ओर दौड़

(C) फ्रांसीसी क्रांति से बचने के लिए

(D) वियतनाम युद्ध के परिणाम स्वरूप

10. 1840 से 1860 के बीच इंग्लैंड में रेलवे के विस्तार के साथ निम्नलिखित में से कौन सा उद्योग बढ़ा ? 1

(A) लोहा और इस्पात

(B) जूट और कपास

(C) एल्युमिनियम और बॉक्साइट

(D) ताँबा और इस्पात

11. निम्नलिखित में से किसने पहला साप्ताहिक समाचार-पत्र 'बंगाल गेजट' निकाला ? 1

(A) बिपिन चन्द्र पाल

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) गंगाधर भट्टाचार्य

(D) राजा राममोहन राय



https://www.evidyarthi.in/

9. Why did Europeans flee to America in 19th century ? Identify the correct reason from the following options : **1**

(A) Poverty and diseases

(B) Due to gold rush

(C) To escape from the French Revolution

(D) As an aftermath of the Vietnam War

10. Which of the following industries increased with the expansion of railways in England from 1840s to 1860s ? **1**

(A) Iron and Steel

(B) Jute and Cotton

(C) Aluminium and Bauxite

(D) Copper and Steel

11. Who among the following brought out 'Bengal Gazette; the first weekly newspaper ? **1**

(A) Bipin Chandra Pal

(B) Bal Gangadhar Tilak

(C) Gangadhar Bhattacharya

(D) Raja Rammohan Roy



https://www.evidyarthi.in/

12. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

| | **(नेता)** | | **(भूमिका)** |
|---|---|---|---|
| (a) | विक्टर इमेनुएल II | (I) | इटली का मुख्यमंत्री |
| (b) | ज्युसेप मेत्सिनी | (II) | यंग इटली आंदोलन |
| (c) | ज्युसेप गैरीबाल्डी | (III) | सिसिली साम्राज्य पर विजय |
| (d) | काउंट कावूर | (IV) | एकीकृत इटली के राजा के रूप में घोषणा |

**विकल्प :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | IV | III | II |
| (B) | II | I | IV | III |
| (C) | IV | II | III | I |
| (D) | I | IV | II | III |

13. निम्नलिखित देशों में से किसमें एक दलीय व्यवस्था है ? **1**

(A) चीन

(B) भारत

(C) पाकिस्तान

(D) अमरीका

14. स्तंभ-A का मिलान स्तंभ-B से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **स्तंभ – A** **(विषय)** | | **स्तंभ – B** **(सूची)** |
|---|---|---|---|
| I. | ई–प्रोग्रामिंग | 1. | समवर्ती सूची |
| II. | पुलिस | 2. | संघ सूची |
| III. | शिक्षा | 3. | राज्य सूची |
| IV. | रक्षा | 4. | अवशिष्ट सूची |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |



https://www.evidyarthi.in/

12. Match the following and choose the correct option. **1**

| | **(Leader)** | | **(Role)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Victor Emmanuel II | I. | Chief Minister of Italy |
| (b) | Guiseppe Mazzini | II. | Young Italy Movement |
| (c) | Guiseppe Garibaldi | III. | Conquered the Kingdom of Sicillies |
| (d) | Count Cavour | IV. | Proclaimed as king of Unified Italy |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | IV | III | II |
| (B) | II | I | IV | III |
| (C) | IV | II | III | I |
| (D) | I | IV | II | III |

13. Which one of the following countries have One Party System ? **1**

(A) China (B) India

(C) Pakistan (D) America

14. Match Column – A with Column – B and choose the correct option. **1**

| | **Column – A (Subjects)** | | **Column – B (List)** |
|---|---|---|---|
| I. | E-Programming | 1. | Concurrent List |
| II. | Police | 2. | Union List |
| III. | Education | 3. | State List |
| IV. | Defence | 4. | Residuary List |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |



https://www.evidyarthi.in/

15. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

**अभिकथन (A) :** लोकतंत्र में कामकाज के लिए राजनीतिक दल महत्त्वपूर्ण हैं ।

**कारण (R) :** राजनीतिक दलों को बनाने में मीडिया एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

16. सत्ता के बँटवारे पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. बहुसंख्यक समुदाय की इच्छा को सभी पर थोपना ।

II. सामाजिक समूहों के बीच संघर्ष की संभावना को कम करना ।

III. राजनीतिक व्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सत्ता का बँटवारा ।

IV. दलों के बीच सामाजिक-राजनीतिक विरोध की संभावना बढ़ाना ।

**विकल्प :**

(A) I और III

(B) II और III

(C) I और IV

(D) I और II



https://www.evidyarthi.in/

15. Two statements are given in the question below as Assertion (A) and reason (R). Read the statements and choose the correct option. **1**

**Assertion (A) :** Political Parties are important in the functioning of democracy.

**Reason (R) :** The media plays an important role in the making of Political Parties.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

16. Consider the following statements on Power sharing and choose the correct option. **1**

I. Imposing the will of majority community over others.

II. It helps in reducing the possibility of conflict between the social groups.

III. Power sharing is a good way to ensure the stability of political order.

IV. It brings socio-political opposition among parties.

**Options :**

(A) I and III

(B) II and III

(C) I and IV

(D) I and II



https://www.evidyarthi.in/

17. निम्नलिखित में से कौन स्वयं सहायता समूहों में बचत और ऋण गतिविधियों के संबंध में निर्णय लेता है ? 1

(A) किसी बैंक का प्रबंधक

(B) गैर-सरकारी संस्था के सदस्य

(C) स्थानीय साहूकार

(D) स्वयं सहायता समूह के सदस्य

18. निम्नलिखित में से कौन सी एक असंगठित क्षेत्र की गतिविधि है ? 1

(A) स्कूल में पढ़ाने वाला एक शिक्षक ।

(B) बड़े कारखाने में काम करने वाला एक कर्मचारी ।

(C) अस्पताल में इलाज करने वाला एक डॉक्टर ।

(D) ठेकेदार के अधीन काम करने वाला एक दिहाड़ी मजदूर ।

19. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित है ? 1

| | | |
|---|---|---|
| (A) | प्राथमिक क्षेत्रक | साहूकार |
| (B) | द्वितीयक क्षेत्रक | पुजारी |
| (C) | तृतीयक क्षेत्रक | बैंक |
| (D) | विनिर्माण क्षेत्रक | माली |

20. निम्नलिखित में से कौन सा स्थानीय कंपनी के लिए एक प्रमुख लाभ है जब वह किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ मिलकर उत्पादन करता हो ? 1

(A) बहुराष्ट्रीय कंपनी स्थानीय कंपनियों को धन एवं प्रौद्योगिकी प्रदान करती हैं ।

(B) स्थानीय कंपनी के बोझ को कम करने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनी सभी निर्णय लेती है ।

(C) बहुराष्ट्रीय कंपनी तेजी से उत्पादन के लिए स्थानीय कंपनी के सभी शेयर खरीदती है ।

(D) बहुराष्ट्रीय कंपनी, स्थानीय कंपनी से श्रम और पूँजी निवेश के लिए कहती है ।



https://www.evidyarthi.in/

17. Who among the following takes the decision regarding saving and loan activities in the Self Help Groups (SHGs) ? **1**

(A) Manager of a Bank

(B) Members of Non-Governmental Organisation (NGO)

(C) Local Money Lenders

(D) Members of Self-Help Group (SHG)

18. Which one of the following is an activity of the unorganized sector ? **1**

(A) A teacher teaching in a school.

(B) A worker going to work in a big factory.

(C) A doctor treating patients in a hospital.

(D) A daily wage labourer working under a contractor.

19. Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Primary Sector | – | Money Lender |
| (B) | Secondary Sector | – | Priest |
| (C) | Tertiary Sector | – | Bank |
| (D) | Manufacturing Sector | – | Gardener |

20. Which one of the following is a major benefit to a local company which goes for joint production with an MNC ? **1**

(A) MNC provides Money and Technology to local company.

(B) MNC takes all decisions to reduce burden of local company.

(C) MNC purchases all shares of local company for faster production.

(D) MNC might ask for labour and capital investment from local company.



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड – ख (4 × 2 = 8)

**(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)**

21. एक प्रमुख अंग्रेजी संस्कृति के प्रसार के माध्यम से किस प्रकार 'एक नए ब्रिटिश राष्ट्र' का निर्माण किया गया ? स्पष्ट कीजिए। **2**

22. ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोज़गार कैसे पैदा किये जा सकते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **2**

23. राजनीतिक दल किस प्रकार जनमत को प्रभावित करते हैं ? परख कीजिए। **2**

24. (a) कृषि के आधुनिकीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए किन्हीं दो प्रयासों की व्याख्या कीजिए। **1 × 2 = 2**

**अथवा**

(b) रबी शस्य ऋतु की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **1 × 2 = 2**

## खण्ड – ग (5 × 3 = 15)

**(लघु–उत्तरीय प्रश्न)**

25. भारत में मुद्रण किस प्रकार आया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। **1 × 3 = 3**

26. (a) हम पर्यटन को व्यापार क्यों कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) देश के आर्थिक विकास में परिवहन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। **3**



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – B

**(Very Short Answer Type Questions)** **(4 × 2 = 8)**

21. How did a new 'British nation', formed through the propagation of a dominant English Culture ? Explain. **2**

22. How to create more employment in rural areas ? Explain with examples. **2**

23. How do Political Parties influence public opinion ? Examine. **2**

24. (a) Explain any two efforts taken by the Government of India to modernise agriculture. **1 × 2 = 2**

**OR**

(b) Explain any two features of Rabi cropping season. **1 × 2 = 2**

## SECTION – C

**(Short Answer Type Questions)** **(5 × 3 = 15)**

25. How did print come in India ? Explain with example. **1 × 3 = 3**

26. (a) Why do we call Tourism as a Trade ? Explain. **3**

**OR**

(b) Explain the importance of Transportation in the economic development of the country. **3**


https://www.evidyarthi.in/

27. 'मुद्रा का इस्तेमाल हमारे रोज़ाना के जीवन का एक बहुत बड़ा हिस्सा है ।' इस कथन की पुष्टि उदाहरणों सहित कीजिए । **1 × 3 = 3**

28. सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र में क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

29. विकास के लिए धारणीयता का मुद्दा क्यों महत्त्वपूर्ण है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । **3**

## खण्ड – घ **(4 × 5 = 20)**

### (दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

30. (a) ताजे पानी के औद्योगिक प्रदूषण को कैसे कम किया जा सकता है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "किसी देश की आर्थिक शक्ति (उन्नति) विनिर्माण उद्योगों के विकास से मापी जाती है ।" उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**

31. (a) व्यापारी वर्ग ने स्वयं को 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' से कैसे जोड़ा ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) 'असम के मजदूरों की महात्मा गांधी और स्वराज की धारणा की अपनी समझ थी ।' उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5**



https://www.evidyarthi.in/

27. The use of money spans a very large part of our everyday life." Support the statement with example. **1 × 3 = 3**

28. Why is power sharing desirable in democracy ? Explain **3**

29. Why is the issue of sustainability important for development ? Explain with examples. **3**

## SECTION – D

**(Long Answer Type Questions)** **(4 × 5 = 20)**

30. (a) How can the industrial pollution of fresh water be reduced ? Explain with examples. **5**

**OR**

(b) "The economic strength of a country is measured by the development of manufacturing industries." Explain with examples. **5**

31. (a) How did the Business class relate itself to the Civil Disobedience Movement ? Explain with examples. **5**

**OR**

(b) 'Workers of Assam had their own understanding of Mahatma Gandhi and the notion of Swaraj.' Explain with examples. **5**



https://www.evidyarthi.in/

32. (a) 'लोकतंत्र राजनीतिक और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देता है ।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) 'लोकतंत्र अपने स्वयं के परिणाम उत्पन्न करने के लिए सबसे उपयुक्त है ।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए । **5**

33. (a) "सरकार वैश्वीकरण को न्याय संगत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है ।" इस कथन की परख कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) भारत में वैश्वीकरण के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **5**

## खण्ड – ङ (3 × 4 = 12)

## (केस आधारित प्रश्न)

34. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **4**

### समुदाय और संरक्षण

वन संरक्षण की नीतियाँ हमारे देश में कोई नई बात नहीं हैं । हम आमतौर पर इस बात से अनजान हैं कि वन हमारे देश में कुछ मानव प्रजातियों के आवास भी हैं । भारत के कुछ क्षेत्रों में तो स्थानीय समुदाय सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर अपने आवास स्थलों के संरक्षण में जुटे हैं क्योंकि इसी से ही दीर्घकाल में उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है । सरिस्का बाघ रिज़र्व में राजस्थान के गाँवों के लोग वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत वहाँ से खनन कार्य बन्द करवाने के लिए संघर्षरत हैं । कई क्षेत्रों में तो लोग स्वयं वन्य जीव आवासों की रक्षा कर रहे हैं और सरकार की ओर से हस्तक्षेप भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं । राजस्थान के अलवर जिले में 5 गाँवों के लोगों ने तो 1,200 हेक्टेयर वन भूमि भैरोंदेव डाकव 'सोंचुरी' घोषित कर दी जिसके अपने ही नियम कानून हैं; जो शिकार वर्जित करते हैं तथा बाहरी लोगों की घुसपैठ से यहाँ के वन्य जीवन को बचाते हैं ।

(34.1) वन समुदायों से कैसे संबंधित हैं ? **1**

(34.2) 'वन्य जीव संरक्षण अधिनियम' के उद्देश्य की व्याख्या कीजिए । **1**

(34.3) वन्य जीवों के संरक्षण के लिए समुदाय किस प्रकार काम कर रहे हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **2**



https://www.evidyarthi.in/

32. (a) How does democracy promote Political and Social values ? Explain. **5**

**OR**

(b) 'Democracy is best suited to produce its own outcomes.' Explain. **5**

33. (a) 'The Government can play a major role in making a fair Globalisation.' Examine the statement. **5**

**OR**

(b) Analyse the impact of Globalisation in India. **5**

## SECTION – E

**(Case Based Questions)** **(3 × 4 = 12)**

34. Read the given source and answer the questions that follow : **4**

### COMMUNITY AND CONSERVATION

Conservation strategies are not new in our country. We often ignore that in India, forests are also home to some of the traditional communities. In some areas of India, local communities are struggling to conserve these habitats along with government officials, recognising that only this will secure their own long-term livelihood. In Sariska Tiger Reserve, Rajasthan, villagers have fought against mining by citing the Wildlife Protection Act. In many areas, villagers themselves are protecting habitats and explicitly rejecting government involvement. The inhabitants of five villages in the Alwar district of Rajasthan have declared 1,200 hectares of forest as the Bhairodev Dakav '*Sonchuri*', declaring their own set of rules and regulations which do not allow hunting, and are protecting the wildlife against any outside encroachments.

(34.1) How are forests related with Communities ? **1**

(34.2) Explain the aim of 'Wildlife Protection Act. **1**

(34.3) How are communities working for the conservation of Wildlife ? Explain with example. **2**



https://www.evidyarthi.in/

35. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **4**

**भारत में विकेन्द्रीकरण**

स्थानीय सरकारों की यह नयी व्यवस्था दुनिया में लोकतंत्र का अब तक का सबसे बड़ा प्रयोग है । पूरे देश में नगरपालिकाओं और ग्राम-पंचायतों के लिए करीब 36 लाख लोगों का चुनाव होता है । यह संख्या ही अपने आप में दुनिया के कई देशों की कुल आबादी से ज़्यादा है । स्थानीय सरकारों को संवैधानिक दर्जा दिए जाने से हमारे यहाँ लोकतंत्र की जड़ें और मज़बूत हुई हैं । इसने महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के साथ ही हमारे लोकतंत्र में उनकी आवाज़ को मज़बूत किया है । बहरहाल, इन सबके बावजूद अभी भी अनेक परेशानियाँ कायम हैं । पंचायतों के चुनाव तो नियमित रूप से होते हैं और लोग बड़े उत्साह से इनमें हिस्सा भी लेते हैं लेकिन ग्राम सभाओं की बैठकें नियमित रूप से नहीं होतीं ।

(35.1) भारतीय विकेन्द्रीकरण को लोकतंत्र में सबसे बड़ा प्रयोग क्यों माना जाता है ? **1**

(35.2) भारत में स्थानीय सरकार की संवैधानिक स्थिति ने किस प्रकार लोकतंत्र की जड़ों को और गहरा करने में सहायता की है ? विश्लेषण कीजिए । **1**

(35.3) भारत सरकार द्वारा विकेन्द्रीकरण के लिए उठाए गए, किन्हीं दो उपायों की व्याख्या कीजिए । **2**

36. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **4**

**औद्योगिक विकास**

बीसवीं सदी के पहले दशक तक भारत में औद्योगीकरण का ढर्रा कई बदलावों की चपेट में आ चुका था । स्वदेशी आंदोलन को गति मिलने से राष्ट्रवादियों ने लोगों को विदेशी कपड़े के बहिष्कार के लिए प्रेरित किया । औद्योगिक समूह अपने सामूहिक हितों की रक्षा के लिए संगठित हो गए और उन्होंने आयात शुल्क बढ़ाने तथा अन्य रियायतें देने के लिए सरकार पर दबाव डाला । 1906 के बाद चीन भेजे जाने वाले भारतीय धागे के निर्यात में भी कमी आने लगी थी । चीनी बाज़ारों में चीन और जापान की मिलों के उत्पाद छा गए थे । फलस्वरूप, भारत के उद्योगपति धागे की बजाय कपड़ा बनाने लगे । 1900 से 1912 के भारत में सूती कपड़े का उत्पादन दोगुना हो गया ।



https://www.evidyarthi.in/

35. Read the given source and answer the questions that follow : **4**

**DECENTRALISATION IN INDIA**

This new system of local government is the largest experiment in democracy conducted anywhere in the world. There are now about 36 lakh elected representatives in the panchayats and municipalities etc., all over the country. This number is bigger then the population of many countries in the world. Constitutional status for local government has helped to deepen democracy in our country. It has also increased women's representation and voice in our democracy. At the same time, there are many difficulties. While elections are held regularly of Panchayats and people participate enthusiastically in it but meetings of gram sabhas are not held regularly.

(35.1) Why is Indian decentralisation considered as the largest experiment in democracy ? **1**

(35.2) Analyse how constitutional status for local government has helped to deepen democracy in India ? **1**

(35.3) Explain any two steps taken by the Indian Government for decentralisation. **2**

36. Read the given source and answer the questions that follow : **4**

**INDUSTRIAL DEVELOPMENT**

By the first decade of the twentieth century a series of changes affected the pattern of industrialization in India. As the swadeshi movement gathered momentum, nationalists mobilised people to boycott foreign cloth. Industrial groups organised themselves to protect their collective interests, pressurising the government to increase tariff protection and grant other concessions. From 1906, moreover, the export of Indian yarn to China declined since produce from Chinese and Japanese mills flooded the Chinese market. So industrialists in India began shifting from yarn to cloth production. Cotton piece goods production in India doubled between 1900 and 1912.


https://www.evidyarthi.in/

पहले विश्व युद्ध तक औद्योगिक विकास धीमा रहा । युद्ध ने एक बिलकुल नयी स्थिति पैदा कर दी थी । ब्रिटिश कारख़ाने सेना की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए युद्ध संबंधी उत्पादन में व्यस्त थे इसलिए भारत में मैनचेस्टर के माल का आयात कम हो गया । भारतीय बाज़ारों को रातोंरात एक विशाल देशी बाज़ार मिल गया । युद्ध लंबा खिंचा तो भारतीय कारखानों में भी फ़ौज के लिए जूट की बोरियाँ, फ़ौजियों के लिए वर्दी के कपड़े, टेंट औऱ चमड़े के जूते, घोड़े व खच्चर की जीन तथा बहुत सारे अन्य सामान बनने लगे । नए कारखाने लगाए गए ।

पुराने कारखाने कई पालियों में चलने लगे । बहुत सारे नए मज़दूरों को काम पर रखा गया और हरेक को पहले से भी ज़्यादा समय तक काम करना पड़ता था । युद्ध के दौरान औद्योगिक उत्पादन तेज़ी से बढ़ा ।

(36.1) स्वदेशी आंदोलन क्या था ? **1**

(36.2) भारत में सूती कपड़े का उत्पादन 1900 से 1912 के बीच दुगना क्यों हो गया ? **1**

(36.3) किन्हीं दो घटनाओं की व्याख्या कीजिए जिन्होंनें भारत को पुन: बाज़ार प्राप्त करने में सहायता की ? **2**

**खण्ड – च** **(2 + 3 = 5)**

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)**

37. (a) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थानों (A) और (B) को अंकित किया गया है । दी गई जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए । **2**

(A) वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(B) वह स्थान जहाँ महात्मा गांधी ने नमक कानून तोड़ा था ।

(b) भारत के इसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : **3**

(i) इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा

(ii) काकरापारा परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(iii) हैदराबाद सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(iv) कांडला समुद्री पत्तन


https://www.evidyarthi.in/

Yet, till the First World War, industrial growth was slow. The war created a dramatically new situation. With British mills busy with war production to meet the needs of the army, Manchester imports into India declined. Suddenly, Indian mills had a vast home market to supply. As the war prolonged, Indian factories were called upon to supply war needs : jute bags, cloth for army uniforms, tents and leather boots, horse and mule saddles and a host of other items. New factories were set up and old ones ran multiple shifts. Many new workers were employed and everyone was made to work longer hours. Over the war years industrial production boomed.

(36.1) What was the Swadeshi Movement ? **1**

(36.2) Why did the Cotton piece goods production in India double between 1900 to 1912 ? **1**

(36.3) Explain any two events that helped India to regain its market. **2**

## SECTION – F

### (Map Based Questions) (2 + 3 = 5)

37\. (a) Two places (A) and (B) have been marked on the given political outline Map of India. Identify them with the help of given information and write their correct names on the lines drawn near them. **2**

(A) The place where Indian National Congress Session was held in 1927.

(B) The place where Mahatma Gandhi broke Salt law.

(b) On the same outline Map of India locate and label any **three** of the following with suitable symbols. **3**

(i) Indira Gandhi International Airport.

(ii) Kakrapara – Atomic Power Station.

(iii) Hyderabad – Software Technology Park

(iv) Kandla Sea Port


https://www.evidyarthi.in/

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर है ।**

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5 × 1 = 5)**

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस अधिवेशन 1927 में हुआ था । **1**

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गांधी ने नमक कानून तोड़ा था । **1**

(37.3) उस शहर का नाम लिखिए जहाँ इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है । **1**

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ काकरापारा परमाणु संयंत्र स्थित है । **1**

(37.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हैदराबाद सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । **1**

(37.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कांडला समुद्री पत्तन स्थित है । **1**



https://www.evidyarthi.in/

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in Lieu of Q. No. 37.** **(5 × 1 = 5)**

Attempt any **five** questions :

(37.1) Name the place where the session of Indian National Congress was held in 1927. **1**

(37.2) Name the place where Mahatma Gandhi broke the Salt law. **1**

(37.3) Name the city where Indira Gandhi International Airport is located. **1**

(37.4) Name the State where Kakrapara Nuclear plant is located. **1**

(37.5) Name the State where Hyderabad Software Technology park is located. **1**


(37.6) Name the State where Kandla Sea Port is located. **1**



https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न सं. 37 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 37




Cut Here ------ यहाँ से काटें ------ Cut Here ------ यहाँ से काटें



https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/